# मैक्रोसेफली (Macrocephaly)

*रोगी सूचना श्रृंखला - आपको क्या जानना चाहिए, आपको क्या पूछना चाहिए।*

यह सूचना पत्र आपको यह समझने में मदद करने के लिए है कि मैक्रोसेफली (गर्भस्थ शिशु का सिर का नाप ज्यादा होना) क्या है, मैक्रोसेफली कैसे होती है, आपको किन परीक्षणों की आवश्यकता है और इसका पता चलना आपके बच्चे और आपके परिवार के लिए क्या मायने रखता है।

## मैक्रोसेफली क्या है?

मैक्रोसेफली शब्द का अर्थ है "बड़ा सिर"। बच्चे में मैक्रोसेफली तब बताई जाती है जब सिर का नाप 98वें प्रतिशत से अधिक हो या गर्भकालीन आयु के औसत से 2 मानक से अधिक हो। अक्सर यह स्थिति पारिवारिक होती है और इसका कोई महत्व नहीं होता है, लेकिन कुछ स्थितियों में इसके साथ कई अन्य विकार भी हो सकते हैं।

## मैक्रोसेफली कैसे होती है?

मैक्रोसेफली सिर के किसी भी हिस्से के बढ़ने के कारण हो सकती है। यदि सिर के बढ़ने के स्पष्ट कारण (जैसे सिर में अधिक पानी होना), सिर में ट्यूमर होना, मस्तिष्क की असामान्य बनावट आदि को अलग कर दिया गया है, तो मैक्रोसेफली को मेगलेंसेफली भी कहा जा सकता है।

मैक्रोसेफली सबसे आमतौर पर पारिवारिक कारणों से पाई जाती है। बच्चे का बड़ा सिर अनुवांशिक होता है और परिवार के किसी अन्य सदस्य के सिर के नाप या आकर के समान होता है - यह सामान्य स्थिति होती है। हालांकि, कई बिमारियों में बड़े सिर के साथ कई विसंगतियां और असमानताएं हो सकती हैं, जिन्हें सिंड्रोमिक मैक्रोसेफली कहा जाता है।

## मैक्रोसेफली की पहचान कैसे की जाती है?

गर्भावस्था के दौरान बढ़े हुए सिर की पहचान अल्ट्रासाउंड द्वारा की जा सकती है। हालाँकि, इस स्थिति का जन्मपूर्व जानकारी होना कठिन है, क्योंकि अधिकांश मामलों में बच्चे का सिर गर्भावस्था के अंतिम दिनों में ही बड़ा होता है, और बड़े सिर के पारिवारिक कारणों और सिंड्रोमिक रूपों के बीच अंतर कर पाना भी मुश्किल होता है।

## क्या मुझे और परीक्षण करवाने चाहिए?

जब सिर का माप अपेक्षा से अधिक बड़ा हो तो बड़े सिर के अलावा सिर में अथवा शरीर के अन्य किसी हिस्से में अन्य कोई बिमारी के लक्षण हैं या नहीं, इसकी अल्ट्रासाउंड से सावधानीपूर्वक जांच होनी चाहिए।

कई चिकित्सकों के परामर्श और कुछ अन्य जांच महत्वपूर्ण हैं। अधिकांश महिलाएं अपने बच्चे की स्थिति के बारे में और जानने के लिए आगे परीक्षण करवाना चाहेंगी।

एमआरआई (MRI) से मस्तिष्क संबंधित विकृतियों और सूक्ष्म कमियों को देखा जा सकता है जिन्हें अल्ट्रासाउंड द्वारा देखना मुश्किल हो सकता है। सिन्ड्रोमिक मैक्रोसेफली का संदेह होने पर एम्निओसेंटेसिस (गर्भाशय से पानी की जांच लेना) द्वारा अधिक विस्तृत अनुवांशिक परीक्षण पर विचार किया जाना चाहिए।

गर्भावस्था के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

बढ़े हुए सिर के माप की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड से निगरानी की जाती है, साथ ही यह भी देखा जाता है की कोई अन्य शारीरिक विकार तो नज़र नहीं आ रहा।

प्रसव के दौरान सिर के बढे हुए माप से जन्म प्रक्रिया कठिन हो सकती है और ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी की संभावना अधिक होती है।

बच्चे के जन्म के बाद उसके लिए मैक्रोसेफली का क्या मतलब है?

जन्म के बाद बच्चे की स्थिति मैक्रोसेफली के कारण पर निर्भर करती है। पारिवारिक मैक्रोसेफली के लिए आमतौर पर सिर के माप की निगरानी के अलावा किसी उपचार की आवश्यकता नहीं होती है। अगर आपके बच्चे में मैक्रोसेफली का निश्चित कारण निर्धारित हो चुका है, तो बच्चे की स्थिति उस कारण पर निर्भर करेगी। बच्चे के लक्षण, मैक्रोसेफली के कारण व साथ में अन्य शारीरिक दिक्कतों के आधार पर आपके डॉक्टर विशिष्ट उपचार लिख सकते हैं।

क्या ऐसा दोबारा होगा?

बाद के गर्भधारण में मैक्रोसेफली दोबारा होने की संभावना अंतर्निहित कारण पर निर्भर करती है।

**मुझे और कौन से प्रश्न पूछने चाहिए?**

- मुझे कितनी बार अल्ट्रासाउंड जांच करानी होगी?
- • क्या मेरे बच्चे के गर्भ में रहने के दौरान ही उपचार शुरू किया जा सकता है?
- • क्या मेरे बच्चे का जन्म साधारण तरीके से होगा या सिजेरियन डिलीवरी से?
- • क्या मैं पहले से उन डॉक्टरों की टीम से मिल सकती हूं जो बच्चे के जन्म के समय मेरी और मेरे बच्चे की सहायता करने वाले हैं?

*Last updated 2024*